Bharat Temples

तारो या ना तारो कन्हैया,
तुम ही हो बाबा तुम ही हो मैया,
लेता रहूँगा तेरा नाम,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम।।

तर्ज तीजा तेरा रंग था मैं तो।

चाहे जग ये रूठे,
तेरा साथ ना छूटे,
हर पल तेरे गुण मैं गाऊं,
तेरे चरणों में जीवन बिताऊँ,
श्याम तुझको मनाता रहूँ मैं,
श्याम तुझको मनाता रहूँ मैं,
साथ तेरा पाता रहूँ मैं,
चाहे सुबहो चाहे शाम,
ज़िंदगी लिख दी है श्यामा तेरे नाम,
ज़िंदगी लिख दी है श्यामा तेरे नाम।।

तू ही है पालनहारा,
तू ही है जग रखवाला,
बिन तेरे चले ना गुज़ारा,
भटके का तू ही सहारा,
दिन दुखी जो तुझे पुकारे,
दिन दुखी जो तुझे पुकारे,

श्याम बिगड़े काज सवारे,
तुम ही तो आते हो उसके काम,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम ।।

जब जब तुझको निहारू,
तुझ मैं ही खो जाऊं,
तुझसे नाता मेरा टूट ना जाए,
पल पल ये डर है मुझको सताए,
तू ही माझी तू ही किनारा,
तू ही माझी तू ही किनारा,
तू ही जीवन तू ही सहारा,
तुझसे ही मेरी पहचान,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम ।।

तारो या ना तारो कन्हैया,
तुम ही हो बाबा तुम ही हो मैया,
लेता रहूँगा तेरा नाम,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम,
ज़िंदगी लिख दी है कान्हा तेरे नाम ।।

Singer Sai Rahul Uma

Source: https://www.bharattemples.com/taro-ya-na-taro-kanhaiya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw